समुद्री उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण

कोच्चि - 682 036

फ़ाइल संख्या: QC-QP/CHI/1/2019-QC **दिनांक** : 05.09.2022

परिपत्र

यह सूचित किया जाता है कि 2 महीने की अवधि के बाद जीएसीसी ने चीन को निर्यात किए जाने वाले समुद्री खाद्य की खेप में 2 कोविड-19 न्यूक्लिक एसिड सामग्री के पाए जाने की सूचना दी है। चूंकि मछली पकड़ने पर प्रतिबंध खत्म हो गया है, इसलिए कई यूनिट्स समुद्र में पकड़ी गई मदों को चीन भेज देंगी। जलकृषि सामग्री का निर्यात भी सक्रिय रूप से होगा ।

हालांकि जीएसीसी ने कोविड-19 सुरक्षा प्रोटोकॉल पर चौकसी को कम कर दिया है, यह ध्यान दिया जाये कि चीन सार्स कोव- 2 न्यूक्लिक एसिड की मॉनिटरिंग पर कड़ी निगरानी रखता है, और इसलिए निर्यातकों को बार-बार सलाह दी जाये कि उनकी खेप में कोविड -19 न्यूक्लिक एसिड सामग्री का पता लगने के जोखिम को समाप्त करने हेतु वे अपने यूनिट में कोविड सुरक्षा प्रोटोकॉल को लागू करना और एमपीईडीए द्वारा दिये गए सलाह के अनुसार यूनिटों में उचित कीटाणुशोधन उपायों को अपनाना जारी रखें। वे एमपीईडीए माइक्रोबायोलॉजी लैब में उत्पादों और पैकेजिंग में कोविड -19 न्यूक्लिक एसिड के लिए परीक्षण किए गए सत्यापन नमूनों के माध्यम से इन प्रोटोकॉल की प्रभावशीलता की जांच करना जारी रख सकते हैं।

आपके क्षेत्र में चीन को निर्यात करने वाली सभी समुद्री खाद्य यूनिटों को उपयुक्त रूप से सूचित किया जाये कि एक बार जब उनकी खेप में कोविड -19 न्यूक्लिक एसिड का पता चलने पर उन्हें 2 सप्ताह के भीतर जीएसीसी द्वारा किए जाने वाले वीडियो निरीक्षण को सफलतापूर्वक पार करना होगा या निलंबन का सामना करना होगा जिसमें से बाहर आना समय लेने वाला साबित होगा और एक बड़े बाजार को गँवाने के कारण गंभीर आर्थिक नुकसान हो सकता है।

यह भी नोट किया गया है कि हाल ही में, जीएसीसी को ईआईसी द्वारा निर्देश दिया गया है कि जीएसीसी द्वारा विर्चुअल निरीक्षण के दौरान एक विशेष यूनिट में बड़ी संख्या में गैर-अनुपालन देखे जाने के कारण उस विशेष यूनिट से चीन को किए जाने वाले निर्यात को निलंबित कर दिया जाए। जहां तक कोविड -19 प्रोटोकॉल और खाद्य सुरक्षा प्रबंधन प्रणालियों का संबंध है, उनमें से कई अवलोकन बुनियादी जरूरतों पर थे। इसलिए, जीएसीसी द्वारा निरीक्षण के लिए यूनिटों को तैयार करने में फील्ड कार्यालय अधिक सावधान रहें क्योंकि आने वाले हफ्तों में और अधिक विर्चुअल निरीक्षण होंगे।

(डॉ. राम मोहन एम.के.)
संयुक्त निदेशक (गु नि)

परिचालन के लिए : एमपीईडीए के सभी क्षे प्र और उ क्षे प्र